## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 16.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कानून–व्यवस्था को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच बहस की संभावना।

2. राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टैग वार्षिक पास का शुल्क तीन हजार से बढाकर तीन हजार पचहत्तर रूप्ये किया, एक अप्रैल से लागू होंगी नई दरें।

3. देवघर में आज से तीन दिवसीय राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव का होगा शुभारंभ, कला, संस्कृति और भक्ति का होगा संगम, स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय कलाकार देंगे प्रस्तुति।

4. राज्य के कई जिलों में आज ओलावृष्टि और आंधी को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी, कल से तीन दिनों तक के आंधी बारिश का यलो अलर्ट।

और

5. बेंगलुरू में आयोजित 5वीं इंडियन ओपन जंप अंडर–20 एथलेटिक्स प्रतियोगिता की ऊँची कूद स्पर्धा में अफरोज अहमद ने जीता कांस्य पदक, मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने दी बधाई।

********************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही हंगामेदार रहने की संभावना है। प्रश्नकाल के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े सवाल उठाए जाएंगे, जबकि शून्यकाल में विधायक अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं सदन में रखेंगे। सत्र के दौरान सरकार की योजनाओं, कानून–व्यवस्था, विकास कार्यों और विभागीय मामलों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बहस होने की भी संभावना है।

********************

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टैग वार्षिक पास के शुल्क में संशोधन की घोषणा की है। नई दर के अनुसार शुल्क तीन हजार रुपये से बढ़ाकर तीन हजार पचहत्तर रुपये कर दिया गया है, जो एक अप्रैल 2026 से लागू होगा। यह शुल्क वैध फास्टैग वाले गैर–व्यावसायिक वाहनों पर राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे के लगभग ग्यारह सौ पचास टोल प्लाजा पर लागू होगा। वार्षिक पास एक वर्ष या दो सौ टोल पार करने तक मान्य रहेगा और इसका भुगतान राजमार्ग यात्रा मोबाइल ऐप या प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकेगा।

********************

इस्राएल, अमरीका और ईरान के बीच जारी युद्ध से पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच आज एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सपप्रेस, वहां के लिये और वहां से, 48 उड़ानों का परिचालन करेंगे। एक रिपोर्ट –

********************

बाबा नगरी देवघर में आज से तीन दिवसीय 'राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव–2026' का भव्य आयोजन शुरू होगा। यह सांस्कृतिक महोत्सव आज से 18 मार्च तक केकेएन स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद लगातार तीन दिनों तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

********************

गुमला जिले में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के नवसाक्षरों की आकलन परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां के नेतृत्व में जिले के सभी 12 प्रखंडों के 100 संकुलों में हुई। इधर चतरा जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत गांगपुर स्थित संकुल संसाधन केंद्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई।

********************

झारखंड की पहचान उसकी समृद्ध आदिवासी संस्कृति और परंपराओं से होती है. इन्हीं परंपराओं में से एक प्रमुख पर्व है सरहुल, जिसे प्रकृति पूजा का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है. इस वर्ष भी यह पर्व 21 मार्च को मनाया जाएगा। राजधानी रांची में भी इसे लेकर अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं। शिक्षाविद् बंदे उरांव ने बताया कि सरहुल पर्व में धरती और सूर्य की प्रतीकात्मक शादी कराई जाती है। उरांव जनजाति के लोग इस दिन को नए साल की शुरुआत के रूप में भी मनाते हैं–

साउंड बाइट—– बंदे उरांव ऑन सरहूल – 18 सेकेंड

********************

रांची में उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने पर चर्चा हुई। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने कहा कि पर्व के दौरान व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

********************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंचकर एक छात्रा की मौत के मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है।

********************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में आज से 19 मार्च तक गर्जन, तेज हवा और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। आज राज्य के कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि और 50 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 17 से 19 मार्च तक इसे लेकर कई जिलों में येलो अलर्ट रहेगा।

********************

5वीं इंडियन ओपन जंप अंडर-20 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊँची कूद स्पर्धा में अफरोज अहमद ने कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से बेंगलुरु स्थित अंजू बॉबी हाई परफॉर्मेंस सेंटर में आयोजित हुई। इस उपलब्धि पर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू सहित झारखंड एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों ने अफरोज अहमद को बधाई दी।

********************

रांची में 16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर हॉकी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का ट्रायल आयोजित किया गया। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग के ट्रायल में सिमडेगा, खूंटी, गुमला, रांची और जमशेदपुर समेत विभिन्न जिलों से करीब 180 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल के बाद महिला वर्ग से 30 और पुरुष वर्ग से 32 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिनके लिए 18 मार्च से विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा।

********************

**अब अखबारों की सुर्खियां**

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने पांच राज्यों में होनेवाले चुनाव के तारीखों के ऐलान की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर और हिन्दुस्तान** ने लिखा– पांच राज्यों में चुनावी शंखनाद।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है—–सबसे तेज चुनाव,वोटिंग इक्कीस दिन में ही पूरी होगी।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है–एलपीजी आपूर्ति में जल्द सुधार के संकेत, बुकिंग घटने से लोगों में घबराहट भी कम।

********समाप्त***********